भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 268
जिसका उत्तर दिनांक 6 अगस्त, 2013 को दिया जाना है।

मेसर्स इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड द्वारा लघु स्तर इकाईयों(एसएसयू) का भुगतान

268. श्री सालिम अंसारी:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री दिनांक 19 मार्च 2013 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 2443 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मेसर्स इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड, कोटा द्वारा लघुस्तर इकाईयों (स्मॉल स्केल यूनिट्स) को भुगतान कर दिया गया है;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार खरीद के आदेश के भुगतान की शर्तों का उल्लंघन करने के लिए उत्तरदायी अधिकारियों के विरुद्ध मामले को केन्द्रीय सतर्कता आयोग को भेजेगी और;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रफुल पटेल)

(क) कंपनी ने लघुस्तर की 6 इकाईयों सेटरेल, पाइरोटेक, एचपी बाल्वस्, वन्डर पॉली, सुनील एण्ड कंपनी और सनलिट इंडस्ट्रीज को पूरा भुगतान कर दिया है तथा लघुस्तर की 3 इकाईयों मेसर्स हिमाचल वायर इंडस्ट्रीज (प्रा.) लिमिटेड, मेसर्स मेसीबस और मेसर्स चाइनो को आंशिक भुगतान कर दिया है।

(ख) मुख्य रूप से कंपनी में कार्यशील पूंजी की अत्यधिक कमी के कारण भुगतान नहीं किया गया है।

(ग) और (घ) कंपनी फिलहाल वित्तीय संकट में है और इसे अपने कर्मचारियों के वेतन/ मजदूरी तथा सांविधिक देयताओं का समय पर भुगतान करने में भी कठिनाई हो रही है। तथापि पर्याप्त विधि जुटाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं ताकि बकाया देयताओं का भुगतान किया जा सके। चूंकि धनराशि की अत्यधिक कमी के कारण भुगतान नहीं किया गया इसलिए किसी अधिकारी के लिए कोई भी अनुशासनिक कार्रवाई करने पर विचार नहीं किया गया है।

*****